# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com


पत्रांक : 3728 / W-19 / 94 दिनांक :06/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय :–दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **"मीरामानिकपुर में जल जीवन का काम फिर ठप: 275.66 लाख की परियोजना अटकी, तीन साल बाद भी टंकी अधूरी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–कूरेभार में मीरापुर मानिकपुर पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, उच्च जलाशय (150 किली0 / 14 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–13.51 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–299 नग, सोलर–01 नग हैं। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–01 पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग (90%) तक पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग (90%) तक पूर्ण, वितरण प्रणाली–9.71 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–250 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग (60%) स्लैब लेवल तक पूर्ण है।

योजनाओं को धीमी प्रगति होने के कारण फर्म के विरूद्ध अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/JJM (Sultanpur)/2026-27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा 1% अतिरिक्त **2% L.D.** अध्यारोपित किया गया है। कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2025-2026/820 दिनांक 06.07.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के अवशेष कार्यो को माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नक:–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि:**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री पी0के0 छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।

**अधिशासी अभियन्ता**

P/D:\Sumit\Paper Cutting (Negative Clipping)\ dainik bhaskar

# विकासखण्ड–कूरेभार में मीरापुर मानिकपुर पाइप पेयजल योजना के कार्यस्थल का फोटोग्राफ






# Vindhya Telelinks Limited – Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV

Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.- 3,4, & 5, Sector 125, Noida-201301, India

P: +91-120-4950200, F: +91-120-4950222 Email: amitranowt@vtlrewa.com, epc@vtlrewa.com


**Ref. VTL-GAJA JV/SWSM/SULTANPUR/2025-26/820** **DATE: 06/07/2026**

To,

Executive Engineer (Civil)
U.P Jal Nigam (Rural)
Sultanpur, Uttar Pradesh

**Reference: -** Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request proposal for phase-3 Division - Ayodhaya (Sultanpur).

**Subject:- Submission of Completion Plan of Meerapur Manikpur (Block - Kurebhar)**

Dear Sir,

With Reference to above subject, we are hereby submitting to you updated progress and Completion plan Meerapur Manikpur (Block - Kurebhar)

| S.No. | Components | Scope | Completed | Balance | Target Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 2 | OP & Compressor (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 3 | Pump House (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 4 | BW (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 5 | Distribution (Kms.) | 13.51 | 9.71 | 3.802 | 26-November-2026 |
| 6 | FHTC (Nos.) | 299 | 250 | 49 | 02-December-2026 |
| 7 | Solar (Kw) | 16 | 16 | 0 | N/A |
| 8 | Regular Water Supply | 299 | 250 | 49 | 02-December-2026 |
| 9 | OHT (150KL & 14M Staging)- Job | 1 | 0.85 | 0.15 | 20-October-2026 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

**For Vindhya Telelinks Ltd – Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV)**
(Authorized signatory)

# मीरामानिकपुर में जल जीवन मिशन का काम फिर ठप: 275.66 लाख की परियोजना अटकी, तीन साल बाद भी टंकी अधूरी

धर्मराज दुबे | कूरेभार(सुलतानपुर), सुलतानपुर
1 दिन पहले

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us



कूरेभार विकासखंड के मीरामानिकपुर गांव में केंद्र सरकार की 'नमामि गंगे' और 'हर घर जल' योजना के तहत शुरू की गई पेयजल परियोजना एक बार फिर ठप हो गई है। वर्ष 2023 में 275.66 लाख रुपये की लागत से शुरू हुई यह परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। गांव में न तो पानी की टंकी का निर्माण पूरा हुआ है और न ही सभी घरों तक नल से जल पहुंच पाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स बी.टी.एल. गाजा द्वारा परियोजना का काम लंबे समय से धीमी गति से चल रहा था, जो अब पूरी तरह बंद हो गया है। रुद्र प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, महेंद्र कुमार, राधेश्याम वर्मा, शुभम सिंह, मो. आसिफ, खुर्शीद, मिर्जा जसीम बेग और गौरव कुमार सहित कई ग्रामीणों ने यह जानकारी दी।

वीडियो
और देखें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

समस्या यह है कि ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण अभी भी अधूरा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे तीन वर्षों से सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें आज भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।


ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह ने बताया कि परियोजना के दोबारा ठप होने की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था को जल्द निर्माण पूरा करने और जलापूर्ति शुरू करने के लिए लगातार पत्राचार और मांग की जा रही है। राजेश सिंह ने उम्मीद जताई कि विभाग जल्द हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराएगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अधूरी परियोजना की जांच कराई जाए और निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाए। उनका कहना है कि इससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लोगों तक पहुंच सकेगा और उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए और इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us


## खबरें और भी हैं...

**आजाद वर्मा हत्याकांड को जातिगत रूप देने की कोशिश:** ASP बोले-सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट से फैल रहा आक्रोश





सुल्तानपुर ›

**सुल्तानपुर में विवाहिता को बेल्ट से पीटा:** दहेज के लिए 5 महीने के बच्चे संग घर से निकाला, पति समेत 6 पर केस



सुल्तानपुर ›

**सुल्तानपुर में हाईटेंशन लाइन गिरी, दो ग्रामीणों की मौत:** बाजार में सब्जी बेचते समय हादसा, 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आए




सुल्तानपुर ›

**हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत:** सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में आईं गंभीर चोटें, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी



सुल्तानपुर ›

**सुल्तानपुर में धर्मांतरण की आशंका पर हंगामा:** 3 महिलाओं समेत एक युवक हिरासत में, धर्मिक पुस्तकें और फोटो लेकर भागे




मेष | Aries

पॉजिटिव- ग्रह स्थितियां संकेत दे रही हैं कि आज अपने बारे में सोचें और अपने लिए काम करें। आपके सचेत और व्यवस्थित रहने से विरोधियों की गतिविधियां सफल नहीं होंगी। किसी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति से मुल...

और पढ़ें



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें